# गाडरवारा के युवक ने दो साथियों के साथ भोपाल में की चाकू मार कर हत्या

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गाडरवारा के एक युवक ने भोपाल के गोविंदपुरा क्षेत्र में प्रेम त्रिकोण के चक्कर में एक युवती के दोस्त की हत्या कर दी। युवक नर्मदापुरम से गौतम नगर में रहने वाली अपनी मुंहबोली बहन से मिलने आया था। बहन के रूम में ही उसकी दोस्त भी रहती थी। दोनों के मिलने की सूचना युवती के प्रेमी को मिली तो वह अपने दोस्त के साथ उनके रूम पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी।

विवाद बढ़ने पर प्रेमी ने युवक की जांघ में चाकू मार दिया। ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। गोविंदपुरा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है।

## मामला लगता है प्रेम त्रिकोण का, तीनों आरोपियों की तलाश जारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय शिवम कलम नर्मदापुरम क्षेत्र का रहने वाला है और प्राइवेट काम करता है। शिवम बुधवार को गौतम नगर में रहने वाली मुंहबोली बहन के घर आया था। यहीं शिवम की दोस्त भी रहती है। रात करीब साढ़े 11 बजे वह घर से बाहर निकला तो युवती के प्रेमी शिव राजपूत और उसके दो साथियों ने शिवम पर टिप्पणी की जिसके बाद विवाद बढ़ा और शिव राजपूत ने उसकी जांघ पर चाकू से वार कर दिया। घटना के बाद आरोपित मौके से भाग निकले।

स्थानीय लोगों ने शिवम को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुख्य आरोपित शिव राजपूत गाडरवारा का रहने वाला बताया जा रहा है, जो कि गौतमनगर क्षेत्र में ही रहता है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या, सात मई को हुई थी शादी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत गरारू गांव में 28 वर्षीय युवक ने लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से खुद को गोली मार ली। घटना शुक्रवार सुबह की है। कोतवाली थाना पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम राज प्रताप राजपूत पिता राजू राजपूत था। कुछ दिन पहले 7 मई को उसकी शादी हुई थी। घटना के समय उनकी पत्नी मायके गई हुई थी। घर में सुहागनें पूजन की तैयारियां चल रही थीं। परिजनों ने पुलिस को बताया कि राजप्रताप ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज सुनाई दी। परिवार के लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो राजप्रताप खून से लथपथ था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी गौरव चाटे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। छिंदवाड़ा से फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम को बुलाया गया। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# सांसद दर्शन सिंह पहुंचे गाडरवारा



**गाडरवारा, देशबन्धु।** नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी का गाडरवारा आगमन हुआ। उन्होंने क्षेत्रीय जनों से मुलाकात की व भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठात्मक चर्चाएं की। सांसद ने वीजासेन वार्ड में भाजपा नेत्री स्तुति सोनी के निवास पर उनकी माता जी के निधन पर दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदनाए दी। शक्ति चौक पर आमजनों से सौजन्य भेंट करते हुए पूर्व पार्षद अखिलेश राय के निवास पहुचे वहा पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पीयूष जैन, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहरकांत पटेल, अर्पित पिपरोनिया, विश्वनाथ पटेल, सतीश कौरव, कपिल घारू, रोहित पगारे आदि उपस्थित थे ।

## सार-समाचार

### कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप आज आमजनों से करेंगे मुलालत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री क्षेत्रीय विधायक उदय प्रताप सिंह आज 17 मई शनिवार को गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। सेवा सदन लक्ष्मी टाउनशिप गाडरवारा में 11 बजे से क्षेत्रीय गणमान्य जनों से सौजन्य मुलाकात करेंगे। शाम 6 बजे नगर साईखेड़ा आगमन एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि 8 बजे ग्राम खुर्सीपार में क्रिकेट प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में शामिल होकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगे।

### अमित पटैल जिला सह संयोजक बने

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ लिपिक वर्गीय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लक्ष्मण सिंह जाट ने संघठन का विस्तार करते हुए नरसिंहपुर जिले के लिए जिला संयोजक एवं जिला सहसंयोजक नियुक्त किए है। श्री जाट ने साईखेड़ा बीईओ कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 अमित पटैल को जिला सह संयोजक नियुक्त किया है। श्री पटैल की नियुक्ति पर शिक्षकों एवं लिपिकों ने प्रसन्नता जताई है।

### सनातन पुजारी कर्मकांड ब्राह्मण सभा की बैठक संपन्न



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस सनातन पुजारी कर्मकांड ब्राह्मण सभा की बैठक संपन्न हुई । जिसमें सर्वसम्मति से पंडित सुदर्शन आचार्य महाराज को एवं पंडित राजेंद्र शास्त्री महाराज को जिला कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में विशेष रूप से सनातन पुजारी मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य पंडित रामचरण शास्त्री, पंडित बलराम शास्त्री, सनातन पुजारी कर्मकांडी सभा के जिला अध्यक्ष पंडित विपिन चंद्र दुबे महाकाल दास महाराज जिला संयोजक पंडित लक्ष्मण वैष्णव महाराज, जिला कोषाध्यक्ष पंडित प्रमोद आचार्य महाराज, जिला सचिव पंडित अंकित शास्त्री महाराज, समिति के सदस्य राजेश दुबे,रामनाथ त्रिपाठी , आदित्य दुबे एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे ।

### विशाल तिरंगा यात्रा को लेकर जिलास्तरीय बैठक आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर में सशस्त्र बलों द्वारा दिखाये अदम्य साहस के लिए उनके सम्मान में निकाले जाने वाली विशाल तिरंगा यात्रा को लेकर वैद्य बाबू कॉम्पलेक्स में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यात्रा के सफल क्रियान्वन हेतु रूपरेखा तैयार की गई।

जिसमें सभी समाज, वर्ग एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय जन सुरक्षा मंच ने बताया कि यात्रा 17 मई समय सायं 5 बजे सुभाष पार्क चौराहा नरसिंहपुर से बाहरी रोड होते हुए राम मंदिर से वापिस सुभाष पार्क में आकर समाप्त होगी। जिसमें आम जन मानस से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होने की अपील की गई।

# कलेक्टर व एसपी ने किया शैलेंद्र का सम्मान



## यूपीएससी परीक्षा में 362 रैंक मिली

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार की विशेष मौजूदगी में शासकीय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदित है कि नरसिंहपुर के शैलेन्द्र चौधरी ने यूपीएससी परीक्षा में 362वीं रैंक प्राप्त की है।

इस अवसर पर कलेक्टर पटले ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि आज समाज में सुविधाओं में वृद्धि तो हुई है, किंतु अनेक स्तरों पर परिस्थितियां और जटिल हो गई हैं। युवाओं को इन जटिलताओं से पार पाने के लिए प्रयास करने होंगे। कठोर परिश्रम और मेहनत से हीरा बनता है। उसका परिणाम आज देखने को मिला है। उन्होंने शैलेन्द्र चौधरी को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनायें दी। कलेक्टर ने कहा कि शैलेन्द्र चौधरी ने जिस परिश्रम से यहां तक का सफर तय किया है, ठीक उसी तरह विद्यार्थी भी कठोर परिश्रम करके अपने आप को इस काबिल बनायें।

उन्होंने कहा कि आपको स्वयं निर्णय लेना होगा, कि आप क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के एक घंटे पहले अध्ययन करोगे तो एक- दो नंबर आयेगा और बाकी के दिमाग से लिखकर कुछ नंबर अर्जित कर पायेंगे। आज वही समय है कि हम अपने जीवन को किस प्रकार से निर्णय ले सकेंगे, जिससे आगे चलकर उससे हमें कितना फायदा होगा। उन्होंने कहा कि अपने सपने को साकार करने के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ेगा। पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका ने बताया कि आज इस समारोह के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को यह एहसास कराना है कि सभी के भीतर कुछ विशेष गुण विद्यमान होते हैं। केवल इन विशेष गुणों को पहचान कर जीवन में आगे बढ़ना है।

# कल्याणपुर में मेधावी छात्राओं को सांसद एवं विधायक ने किया सम्मानित



**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर में आयोजित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद दर्शन चौधरी एवं विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने शासकीय उ मा विद्यालय की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय से 12 वी बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए शाला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कु सोहानी कुशवाहा एवं 10 वी में सिद्धि उपाध्याय को शाला स्तर पर 98 प्रतिशत अंको से सर्वोच्च स्थान हासिल करने पर ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सांसद श्री चौधरी एवं विधायक श्री पटैल ने सम्मानित किया। कार्यक्रम मे बताया गया कि जल्द ही 1 करोड़ 27 लाख की राशि से स्कूल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होगा।

सरकार शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन हेतु प्रतिबद्ध है। इस मौक़े पर पूर्व विधायक भैयाराम पटैल, रमाकांत शर्मा राहुल कौरव, मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, अखिलेश जयवार, अशोक कोचर, श्यामलाल कुशवाहा, सरपंच सुनीता मेहरा, सचिन उपाध्याय सहित स्कूल से मनीष नेमा एवं अवधेश कौरव सहित अन्य उपस्थित रहे ।

# अवैध रेत खनन वालों पर तुरंत करें कार्रवाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला योजना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने आम जनता से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक की शुरूआत विगत जिला योजना समिति की बैठक के पालन- प्रतिवेदन पर चर्चा से हुई जिसमें संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से प्रभारी मंत्री राजपूत को अवगत कराया गया। मंत्री राजपूत ने निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी से अवगत कराया जाये।



## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक

प्रभारी मंत्री राजपूत ने बैठक में जिला खनिज अधिकारी को सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों पर तत्काल एक्शन लें। खनिज, पुलिस और राजस्व विभाग का अमला संयुक्त रूप से कार्यवाही करें।

मंत्री ने कहा कि लगातार जिला प्रदेश में तीसरी बार प्रथम आने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाये। इसके अलावा नवीन व्यावसायिक शिक्षा में अधिक से अधिक पंजीयन करायें, जिसमें युवाओं की मांग व उनके रूझान के अनुरूप प्रशिक्षण करवायें, जिससे उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। इसके लिए प्रशिक्षण के कोर्स भी बढ़ायें जायें।

महिलाओं को सेंट आरसेटी में कौशल उन्नयन एवं रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाये, ताकि महिलाओं को एनआरएलएम से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। बैठक में उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण एजेंसी सीएम राइज स्कूलों के निर्माण कार्य में तेजी लायें और पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करें।

प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत माह अप्रैल में खाद्यान्न वितरण की जानकरी ली। बैठक में संबंधित अधिकारी ने बताया कि जिले में प्रतिदिन खाद्यान्न के लिए ई- केवायसी का कार्य कैम्पों का आयोजन कर किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे भी लोगों को ई- केवायसी के लिए प्रेरित करें। शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राही ई- केवायसी अनिवार्य रूप से करा लें।

जिले में हुए गेहूं उपार्जन का भुगतान भी शतप्रतिशत पूरा करें। प्रभारी मंत्री को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएस ठाकुर ने अवगत कराया कि जिले में संस्थागत प्रसव, एमआर 1 एवं एमआर 2, पूर्ण टीकाकरण, टीबी उन्मूलन एवं आरबीएसके कार्यक्रम में वृद्धि हुई है। जिले में नरवाई नहीं जलाने के लिए संगोष्ठी, चौपाल आदि के माध्यम से किसानों को प्रेरित कर उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बतायें।

बैठक में सांसदद्वय फग्गन सिंह कुलस्ते व दर्शन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायकद्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता राजेंद्र ठाकुर, रामसनेही पाठक, कलेक्टर शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, डीएफओ कल्पना तिवारी, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, समिति के सदस्य और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# उच्च रक्तचाप दिवस पर स्वास्थ्य व परामर्श शिविर आयोजित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** दुनिया भर के लोगों को उच्च रक्तचाप के खतरों से अवगत कराने के लिए विश्वस्तरीय उच्च रक्तचाप दिवस का आयोजन 17 मई किया जाता है। रक्तचाप यदि सामान्य रहे तो सब कुछ सामान्य रहता यही यदि कम या ज्यादा हो जाएं तो अन्य अनेक बीमारियों को दावत दे देता है। पता नहीं चलता कब यह ऐसी गहरी नींद में सुला देता कि, व्यक्ति फिर कभी नहीं उठ पाता है।

ऐसी साइलेंट किलर कही जाने वाली बीमारी के प्रति सचेत, सजग व सतर्क करने काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की संचालिकाओं इंदु सिंह एवं नमिता जनोरिया व काया जनकल्याण समिति के सक्रिय सदस्यों रचना त्रिवेदी, प्रियंका शर्मा, नीता भारद्वाज, श्वेता जैन, पूनम धुर्वे द्वारा नगर की प्रतिष्ठित डॉक्टर राजश्री पटेल व उनके कुशल स्टाफ के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन मातृशक्तियों के लिए एक विशेष निशुल्क स्वास्थ्य व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें सभी उपस्थित वरिष्ठ महिलाओं संध्या कोठारी, सुनंदा भट्ट, शालिनी दुबे, अरुणा दुबे, सरला पांडेय, सुमन शर्मा, अनुराधा कोठारी, अमिता ओसवाल, कविता दुबे, माधवी दीक्षित आदि को डॉ राजश्री पटेल ने बताया कि, उच्च रक्तचाप होने की वजह मूलतः तनाव, चिंता और मोटापा होता अतः हर किसी को इनसे बचकर रहना चाहिए और इसके साथ ही अपने खान-पान व जीवनशैली में भी नियमितता व निरंतरता बनाकर रखने से इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

डॉक्टर का कहना है कि, सभी महिलाओं को एक उम्र के बाद समय-समय पर अपने ब्लड प्रेशर की जांच करवाते रहना चाहिए ताकि, समय से उसके बारे में जानकर उसका सही उपचार करवाया जा सके तो इसके लिए वे किसी चिकित्सक के सानिध्य में पूर्ण चेकअप जरूर करवाएं।

# बच्चे सीख रहे हैं खो-खो की बारीकियां



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बच्चों और किशोरों के लिए गर्मियों के दौरान आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम मे बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने, नए कौशल सीखने और आनंद लेने का मौका मिल रहा है।आफीसर्स क्लब नरसीहपुर में खेल अधिकारी सुनीता यादव के निर्देशन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा एक से इकतीस मई तक खो खो प्रशिक्षण शिविर का का संचालन ऑफीसर्स क्लब नरसिंहपुर में किया जा रहा है जिसमें नए खिलाड़ी बच्चों को प्रशिक्षण उषा शेलोकर एवं राकेश ठाकुर द्वारा खेलों की बारीकियो से अवगत कराया जा रहा है।

बच्चों को खो खो का प्रशिक्षण सुबह 6 बजे से 8 बजे एवं शाम 5 से 7 बजे तक दिया जा रहा है , इसमें सभी वर्ग के बालक एवं बालिका प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं एवं उत्साह पूर्वक इसमें में भाग ले रहे हैं।

मार्केट वॉच गाडरवारा
क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

